## एक नजर

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री से मिले कौशल



**शाहजहांपुर।** अमृत वर्ष में मनाई जा रही गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी लखनऊ के राजभवन में हुए समारोह में जिले के प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा को सम्मिलित होने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों उप मुख्यमंत्रियों बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य से भी मुलाकात की। कौशल मिश्र ने बताया कि भव्य समारोह शामिल होकर वह बहुत अभिभूत है। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों के विषय में मुख्यमंत्री से संक्षिप्त वार्ता करते हुए गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने राजभवन में गन्ना लगाने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर 75 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण भी किया गया। समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से भी औपचारिक भेंट हुई।

### जेल अधीक्षक को मिला हीरक सम्मान

**शाहजहांपुर।** जेल अधीक्षक मिजाजी लाल को गणतंत्र दिवस पर लखनऊ में पुलिस महानिदेशक जेल एसएन साबत द्वारा प्रशंसा चिन्ह (हीरक) से सम्मानित किया। जेल अधीक्षक को पूर्व में राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### स्टेशन पर एसएस ने किया ध्वजारोहण

**शाहजहांपुर।** गणतंत्र दिवस पर स्थानीय रेलवे स्टेशन स्टेशन अधीक्षक प्रभाकर सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक अल्ला खां की प्रतिमा माल्यार्पण किया। एसएस ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीएमआइ एसके ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद, शंशाक पांडे, सीओइटी नरेंद्र त्यागी, सीपीएस शिवम सक्सेना, सीआरएस रामवदन, वीएस विष्ट आदि कर्मचारी मौजूद रहे। इधर आरपीएफ थाना पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार व जीआरपी थाने पर प्रभारी निरीक्षक रेहान खो ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्टाफ मौजूद रहा।

### ... हंस-हंस के लोग हो गए कुर्बान देखिए

**शाहजहांपुर।** गणतंत्र दिवस पर जिला कारागार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से बंदियों और कारागार अधिकारियों को खूब हंसाया-गुदगुदाया। देशभक्ति गीतों पर बंदियों खूब तालियां बजाईं। कवि सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती द्विवेदी और जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर लखनऊ के कवि योगेश चौहान ने ओजस्वी कविता सुनाते हुए कहा- सीमा पार दिखती हैं जो अटारिया बहुत, खंडहर या कि फिर शिवाला बन जाएगा। उदंडता की राह पे चला जो श्रगाल झुंड तो, हिंद के ही सिंह का निवाला बन जाएगा। वंदना विशेष गुप्ता ने कहा- जीवन का आधार बनाए रखना है, घर आंगन गुलजार बनाए रखना है। सारी दुनिया खुशियों से भर जाएगी, रिश्तों में बस प्यार बनाए रखना है। राशिद हुसैन राही ने गजल गुनगुनाते हुए कहा -प्यार की राह में दीवार उठाते क्यों हो, खुद को दुनिया की निगाहों से गिराते क्यों हो। संयोजक हास्य व्यंग्य कवि विजय तन्हा ने कहा- कोई अपराध करता है कोई निर्दोष आता है। सताया वो ही जाता है पसीना जो बहाता है। शायर हमीद खिजर ने गजल सुनाई- मेरे वतन की आप जरा शान देखिए, हंस-हंस के लोग हो गए कुर्बान देखिए। निर्भय गुप्ता शौर्य ने कहा-हम भारत के बच्चे हैं काम हमारे अच्छे हैं। आलोक शुक्ला के संचालन में चले कवि सम्मेलन में जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता, उप जेलर सुभाष चंद्र यादव, कृष्ण कुमार पांडे, सुरेंद्र कुमार गौतम, राहुल शर्मा, कुबेर दत्त शर्मा, महबूब हुसैन इदरीसी, असगर यासिर आदि मौजूद रहे।



जवानों की वेशभूषा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते मसूरी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे।



कलेक्ट्रेट परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार



एलआईसी के अधिकारियों को सम्मानित करते शाखा प्रबंधक।



कलेक्ट्रेट में भारतीय संविधान और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

# अधिकारों के साथ कर्तव्यों के महत्त्व और दायित्वों को समझना भी जरूरी

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर दिलाई भारतीय संविधान की प्रस्तावना और सड़क सुरक्षा की शपथ

**जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस**



लोक मान्य गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।



देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करती गुरुनानक पाठशाला कन्या हाईस्कूल की छात्राएं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं देवी प्रसाद बालिका विद्यालय की छात्राएं।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते संजय विद्या मंदिर के बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** 75वां गणतंत्र दिवस शुक्रवार को पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह की बेला में स्कूलों की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, डीएम समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने अमर शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण किया, मजार पर चादरपोशी की। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और धार्मिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों भारतीय संविधान की प्रस्तावना का संकल्प और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। गुरुनानक स्कूल, लीड कांवेंट, डॉ. सुदामा प्रसाद स्कूल तथा स्काउट, गाइड के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम ने अपने संदेश में कहा कि हमारे संविधान से देश के प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से आगे बढ़ने का मौका मिलता है तथा अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने का भी मौका मिलता है। हमें अपने अधिकारों की मांग के साथ कर्तव्यों के महत्त्व एवं दायित्वों को समझना चाहिए। गणतंत्र शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि गण का अर्थ जनता से है तथा तंत्र सरकारी व्यवस्था से है, जो कि जनता की सेवा के लिए है। हम सभी को देश हित में अपने मौलिक कर्तव्यों को भी ध्यान में रखना चाहिए। इस अवसर पर सीडीओ एसबी सिंह, एडीएम प्रशासन संजय पांडेय, एडीएम वित्त डॉ. सुरेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गांधी पुस्तकालय में डीएम ने ध्वज फहराकर गोष्ठी में सहभागिता की। गांधी जी की विचार धारा की प्रासंगिकता को विस्तार पूर्वक बताया। कवियों ने काव्यपाठ किया। सचिव अजय गुप्त ने आभार व्यक्त किया। सीडीओ एसबी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्र, डॉ. हरिओम त्रिपाठी, विजय ठाकुर, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, सुशील दीक्षित आदि मौजूद रहे। संचालन ललित हरि मिश्र ने किया। जनपद न्यायालय में जिला न्यायाधीश भानु देव शर्मा द्वारा झंडारोहण किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। अपर जिला जज अहसान हुसैन, आलोक कुमार शुक्ला, गरिमा सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, लवी यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष तिवारी समेत अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

जीएफ कॉलेज में प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने ध्वज फहराकर सभी को संविधान की शपथ दिलाई। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. फैयाज अहमद ने शिक्षा निदेशक का संदेश पढ़ा। डॉ. मोहम्मद साजिद खान, डॉ. कहकशां बेग़म, डॉ. रिफाकत हुसैन, डॉ. सौम्या शर्मा समेत वैभव त्रिपाठी, सिद्धार्थ, ऐनुलहुदा, काजल आदि ने विचार व्यक्त किए। अरशद खान, अवनीश कुमार, नीलेश कुमार और शाज़िया खान ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं।

एसएसएमवी में प्रधानाचार्या डॉ. मेघना मेहंदीरता ने ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली। छात्र-छात्राओं में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जन शिक्षण संस्थान कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। निदेशक सुशील कुमार मिश्रा, राकेश कुमार गंगवार, राजन शर्मा, ख्यालीराम वर्मा, राजा, सुनील कुमार, ओमपाल सिंह, विश्व देव, दानिश, धनपाल आदि मौजूद रहे।

भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा प्रथम में गणतंत्र दिवस समारोह धूम धाम से मनाया गया। शाखा प्रबंधक पुरषोत्तम सिंह ने ध्वज फहराया। डॉ. देश बंधु, संयोगिता वर्मा, विनय कुमारी, ब्रज गोपाल शर्मा, शैलेंद्र सिंह चौहान आदि ने विचार व्यक्त किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विकास अधिकारियों को सम्मानित किया गया। संचालन सहायक शाखा प्रबंधक नवल सिंह ने किया। द मंसूरी इंटरनेशनल स्कूल छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार तिवारी ने गणतंत्र दिवस की महत्ता समझाई। सुबोध शुक्ल, प्रिया सिंह, वर्षा क्षत्री, अर्शी वकार आदि का सहयोग रहा। इस्लामिया इंटर कालेज में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट मो. अयूब ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्रों ने गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। हफीज अहमद सिद्दीकी, मो. राशिद खां, शकील अहमद, डॉ. मलिक असमत अली, मो. अफरोज खां आदि ने विचार व्यक्त किए। इनरव्हील संस्था ने गुरुनानक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया। अध्यक्ष नीलम गुप्ता तथा पूर्व अध्यक्षा निधि मिश्रा ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका हरमीत कौर के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने समां बांध दिया। रानी लक्ष्मीबाई के रूप में ग्रुप नृत्य सर्वाधिक सराहा गया। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पीयूष तिवारी, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अपर्णा त्रिपाठी ने मेधावी छात्र नैमिष नाथ कैथवाल के साथ ध्वज फहराया। निदेशक अरुण कुमार खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, हेमंत तनेजा, उप प्रधानाचार्य के सी जोशी समेत स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। आकांक्षा हाई स्कूल में प्रबंधक उर्मिला सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य स्मिता सक्सेना के निर्देशन में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

रुचि गुप्ता, कंगना गुप्ता, प्रीति अरोरा, राम कुमार, प्रिया आदि का सहयोग रहा। रौसर कोठी स्थित आकांक्षा विद्यालय की दूसरी शाखा प्रधानाचार्या मुदिता जौहरी ने ध्वज फहराया। किरन बाला शुक्ला ने किया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि खेलो इंडिया प्रमुख प्रदीप शेखावत, अध्यक्ष रमेश सक्सेना, प्रबंधक राकेश अग्रवाल, नेत्र सर्जन डॉ. मनमोहन गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य ओमकार सिंह आदि ने ध्वज फहराकर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय भक्ति गीत, लोकनृत्य, राम दरबार व संगीतमय योग प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य वसंत कुमार त्रिवेदी, धर्मेंद्र धवल, कमलेश द्विवेदी, उमेश चंद्र सिंह, राज नारायण गुप्ता, अंबरीश अग्रवाल, ज्ञानेश सिंह आदि मौजूद रहे। डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर कन्या इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस पर प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा ने झंडा फहराया। छात्राओं और शिक्षिकाओं आभा श्रीवास्तव, प्रज्ञा सिंह, राम औतार शर्मा, रीतू अरोड़ा आदि ने गीतों और नृत्य से समां बांध दिया। प्रधानाचार्या डॉ. राखी मिश्रा ने शिक्षा निदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया। अध्यक्ष संतोष पांडेय, मधुमिता डे, नीलम सक्सेना, दीप शिखा, सरिता आदि शिक्षक मौजूद रहे।

मानवता वेलफेयर सोसाइटी ने झुग्गी-झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे परिवारों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्त्व को बताया गया। साथ ही उनकी बस्ती में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को शिक्षण सामग्री, बिस्कुट, झंडे आदि वितरित किए गया। अमित श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार राना, शुभम, डॉ. जयंती, अंकिता वर्मा, अंशिका, निशा आदि का सहयोग रहा। नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने झंडा फहराया। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी विनय सक्सेना, लज्जाराम वर्मा, महेश वर्मा, सर्वेश वर्मा, मदनलाल वर्मा, निर्मल उपाचार्य, पी टी एस हिमांशु सक्सेना, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक निर्दोष शर्मा, रवि सक्सेना आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय विद्यालय- 2 में प्रधानाचार्य परवेज़ हुसैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उप प्रधानाचार्य मुनेंद्र पाल और उप प्रधानाचार्य द्वितीय पाली के एस यादव, सुनील कुमार आदि ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। शिक्षक मनु प्रकाश मौर्य, मैराज अहमद, विजय पाल, मीना कनौजिया, ऋतु, आर एस यादव, सुधांशु वर्मा, श्रीकृष्णा, नौशाबा इक़बाल, शरद कुमार, शैलेश शंखाधर, रवि शर्मा, मंजेश, शुभम यादव, आरआर शाक्य, प्रभा मौर्य आदि का सहयोग रहा।



परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सीडीओ एसबी सिंह।

### छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक निकाली प्रभातफेरी

**शाहजहांपुर।** गणतंत्र दिवस पर महानगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें तमाम माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी की शुरुआत डीआईओएस हरिवंश कुमार और बीएसए रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर की। प्रभात फेरी में सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज आर्य महिला इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज आदि शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने अपने कालेज के शिक्षकों के साथ प्रतिभाग किया। राजकीय इंटर कॉलेज से शहीद उद्यान तक निकाली गई प्रभात फेरी में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, जिला मंत्री देवेश वाजपेयी, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, अनिल कुमार, संजय कपूर, महेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, राम सिंह, कमलेश कुमार, आरपी सिंह, विनोद कुमार, दीप शिखा, अपर्णा आदि का सहयोग रहा।





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं केंद्रीय विद्यालय 2 की छात्राएं। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

### राकेश और शचि ने जीती साइकिल रेस

शाहजहांपुर। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडयम में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह 8.30 बजे जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद कैंट क्षेत्र से पारंपरिक रूप से महिला/पुरुष वर्ग की साईकिल रेस का आयोजन किया गया। साइकिल रेस की शुरुआत वरिष्ठ दवा व्यापारी चंद्रवीर गंगू, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने की। पुरुष वर्ग की 10 किलोमीटर की साइकिल रेस और महिला वर्ग में साइकिल रेस पांच किलोमीटर की कराई गई। पुरुष वर्ग में राकेश यादव प्रथम, सुरजन सिंह द्वितीय, ईशान शीरपाल तृतीय व अनुज कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में शचि प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, छाया तृतीय और शगुन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, छावनी परिषद, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल आदि का योगदान रहा। व्यवस्था में निकहत परवीन, दपिंदर कौर, अनिल भास्कर, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शिव प्रताप सिंह आदि का सहयोग रहा।





बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस की खुशी साझा करते मानवता वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य। ● अमृत विचार

### मेडिकल कॉलेज में हुए रंगारंग कार्यक्रम



स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रांगण में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने ध्वज फहराया। एमबीबीएस बैच 2023 ने नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्र छात्राओं के साथ मिलकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उप प्रधानाचार्य डॉ. नीरा गोयल, उप प्रधानाचार्य नर्सिंग डॉ. पांडेय समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक और मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत करती एसएसएमवी की छात्राएं। ● अमृत विचार



छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य मोहम्मद तारिक।

### नगर निगम में महापौर ने फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस पर महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम परिसर, गांधी भवन, शहीद उद्यान में अमर शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। गोविंदगंज स्थित कारगिल शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर वीर अमर शहीदों को नमन किया गया। नगर निगम कार्यालय में महापौर अर्चना वर्मा ने ध्वजारोहण किया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल एसके आंबेडकर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।






# खींचतान हो गई तेज...पार्षदों को ध्वजारोहण में न बुलाने का मुद्दा गरमाया, मुख्यमंत्री से की शिकायत

## महापौर ने जवाब मांगा तो नगर आयुक्त बोले- जांच कराकर दोषी पर करेंगे कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वाहनों में डीजल भुगतान समेत अन्य बिंदुओं पर ब्यौरा मांगे जाने के बाद से महापौर अर्चना वर्मा और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के बीच शुरू हुई खींचतान और तेज हो गई है। इस खींचतान का असर इस बार गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम पर भी पड़ा है। राष्ट्रीय पर्व के इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के लिए नगर निगम में पार्षदों को नहीं बुलाया गया। इससे माहौल और गर्म हो गया है। पार्षदों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है। गुस्साए पार्षद एकजुट होकर शनिवार को नगर निगम पहुंचे और महापौर के साथ नगर आयुक्त से अलग-अलग मुलाकात कर कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने की शिकायत की। साथ ही मुख्यमंत्री को भी शिकायत पत्र भेजा है। इस प्रकरण में महापौर ने नगर आयुक्त का जवाब तलब किया है तो नगर आयुक्त ने जांच कर पार्षदों को कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने पर कार्रवाई की बात कही है।

नगर निगम के पार्षद संजय कुमार वर्मा, अनूप गुप्ता, मंजू पाल, सिद्धार्थ शुक्ला, रूपेश वर्मा, नवनीत, प्रदीप सक्सेना, सुधीर गुप्ता, राजेश गंगवार, विपिन यादव, नरेश चंद्र मौर्य सहित 47 पार्षदों के हस्ताक्षरित पत्र में बताया गया है कि नगर निगम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पार्षदगणों को बुलाने के लिए आमंत्रण दिया जाता रहा है लेकिन इस बार आयोजित कार्यक्रम में किसी भी पार्षद को सूचना नहीं दी गई न ही उन्हें आमंत्रण दिया। इससे पार्षदों को अपमानित किए जाने की अनुभूति हो रही है। पत्र में यह भी लिखा है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने घोर लापरवाही का विरोध करते हुए ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री को यह पत्र भेजने के साथ महापौर और नगर आयुक्त को मिलकर सौंपा है। दोनों ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई आश्वासन देकर पार्षदों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन पार्षद समुचित कार्रवाई न होने पर अगले निर्णय की चेतावनी देकर लौट आए।


नगर निगम दफ्तर के सामने एकजुट पार्षद। ● अमृत विचार

- गणतंत्र दिवस पर नगर निगम में हुए कार्यक्रम में पार्षदों को नहीं बुलाए जाने के मामले ने पकड़ा तूल
- मेयर और नगर आयुक्त के बीच वाहनों में डीजल भुगतान समेत अन्य बिंदुओं पर ब्यौरा मांगे जाने के बाद से चल रही खींचतान
- गुस्साए पार्षदों ने एकजुट होकर जताई नाराजगी सौंपा पत्र

### दो महीने पहले वाहनों की खरीद का रिकार्ड मांगने पर भी खींचतान हुई

**शाहजहांपुर।** महापौर ने 30 नवंबर को नगर निगम के कामकाज पर उस समय सवाल खड़े किए थे, जब उन्होंने संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति से लेकर वाहनों की खरीद में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर ब्यौरा मांगा था। उस समय महापौर के सख्त रुख से कर्मचारियों में खलबली मच गई थी। पत्र में महापौर ने लगातार सुधार के निर्देश देने के बाद भी व्यवस्थाएं ठीक न होने और कामकाज के तरीके से निगम की छवि के धूमिल होने की बात लिखी थी। सभी आय-व्यय की फाइलें अपने पास मंगाकर और उनके भुगतान आदि को चेक करने के बाद चेक जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद से महापौर और नगर आयुक्त के बीच खींचतान चली आ रही है।


हमेशा पार्षदों को बुलाया जाता रहा है, इस बार नहीं बुलाया गया। मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ नगर आयुक्त से शिकायत की गई है। पार्षदों की मांग है कि इस कृत्य के लिए दोषी अधिकारी और कर्मचारियों को निलंबित किया जाए। **-दिवाकर मिश्र**, पार्षद


60 के 60 पार्षद इस बात से नाराज हैं कि उन्हें नहीं बुलाया गया है। हर बार इसके लिए पार्षदों को पत्र जारी होता था। नगर पालिका के जमाने से यह परंपरा चली आ रही है। इस बार इसे तोड़ा गया है। मजहर हुसैन, पार्षद


नगर निगम में जब तक वर्षों से तैनात अधिकारियों को नहीं हटाया जाएगा, तब इस तरह की मनमानी होती रहेगी। फिलहाल पार्षदों को न बुलाए जाने को नगर आयुक्त ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रकरण को दिखवाने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। इस संबंध में पार्षदों ने ज्ञापन भी सौंपा है। **-सिद्धार्थ शुक्ला**, पार्षद


निश्चित रूप से यह लापरवाही का मामला है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। पार्षदों की ओर से ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।
यदि कार्रवाई न हुई तो अगली रणनीति बनाई जाएगी। **- विपिन यादव**, पार्षद


हर बार पार्षदों को बुलाया जाता रहा है। इस बार क्यों नहीं बुलाया गया, यह बात समझ से परे है। इसको लेकर पार्षदों में आक्रोश है। इसके लिए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा अन्य मामलों में भी पार्षदों को दरकिनार कर दिया जाता है। इसका विरोध जारी रहेगा। **-संजय कुमार**, पार्षद


पार्षदों को आमंत्रित न किए जाने का मामला गंभीर है। उन्होंने इस बाबत नगर आयुक्त से जवाब मांगा है। मामले में जांच की जाएगी। नगर निगम में पार्षदों को सम्मान दिलाना उनकी प्राथमिकता में है। भविष्य में चूक न हो इसके लिए नगर निगम प्रशासन को निर्देशित किया जा रहा है। **-अर्चना वर्मा**, महापौर।


26 जनवरी के कार्यक्रम की जानकारी सभी को होती है। पार्षदों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह नगर निगम के ध्वजारोहण में शामिल हों। पार्षद मिलने आए थे तो उनसे भी यह बात कहते हुए कही थी कि उन्हें ध्वजारोहण में आना चाहिए थे। बहरहाल, पार्षदों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर इसके लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई भी की जाएगी। **-संतोष कुमार शर्मा**, नगर आयुक्त।


नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी वर्षों से तैनात हैं। 2018 में नगर बनने के बाद मई 2023 में महापौर और पार्षद निर्वाचित हुए। इसे अधिकारी और कर्मचारी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण मनमानी चल रही है। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में पार्षदों को न बुलाया जाना अपमानजनक है। इस मामले में सभी पार्षद कार्रवाई चाहते हैं। मामले में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। नगर आयुक्त ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। **-रूपेश कुमार वर्मा**, पार्षद

### महापौर को भी नहीं थी जानकारी, आवास से निकलीं तो एक्सईएन ने बताया

नगर निगम में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम की पूर्व सूचना महापौर अर्चना वर्मा को भी न थी। महापौर से यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें कोई आमंत्रण मिला था? बोलीं- गणतंत्र दिवस के दो दिन पहले से वह व्यक्तिगत कारणों से लखनऊ में होने के कारण जिले से बाहर रहीं। 25 जनवरी की रात लौटीं थीं। 26 जनवरी की सुबह आवास से बाहर निकलीं तो कैंप कार्यालय में नगर निगम के अधिशासी अभियंता आशीष त्रिपाठी बैठे मिले। उन्होंने बताया कि वह ध्वजारोहण करने के लिए लेने आए हैं। इस पर वह कार्यालय पहुंचीं और ध्वजारोहण कर कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

### 22 जून को डीजल के भुगतान पर उठाए थे सवाल

महापौर अर्चना वर्मा ने 26 मई को महापौर की शपथ ली थी। उन्होंने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर नजर रखनी शुरू की। जून के पहले सप्ताह में सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों के समय से दफ्तर आने को लेकर सख्ती शुरू की। इससे अधिकारी और कर्मचारी सकते में आ गए। इसी बीच 22 जून को महापौर ने नगर निगम के वाहन वर्कशॉप का निरीक्षण किया और पेट्रोल पंप से मिलने वाली पर्चियां बिना सत्यापन के भुगतान में लगी पकड़ी थीं। कई अन्य अभिलेख भी सही नहीं पाए थे। ऐसे में उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर पूरे मामले की समुचित रिपोर्ट मांगी थी। मामले की जांच के लिए अपर नगर आयुक्त एसके सिंह समेत चार सदस्यीय टीम गठित की गई, लेकिन सात महीने बाद भी यह जांच रिपोर्ट पूरी नहीं हुई है और मामला ठंडे बस्ते में है।

# पुलिया से टकराकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चाचा-भतीजे की मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाजहांपुर

**अमृत विचार :** जलालाबाद मंडी से आलू बेचकर चाचा-भतीजे ट्रैक्टर-ट्राली से फर्रुखाबाद वापस जा रहे थे। घना कोहरा होने के कारण रास्ते में रैपुरा गांव के सामने तालाब की पुलिया से अचानक ट्रैक्टर टकरा गया और मय ट्रॉली के पुलिया के नीचे 15 फिट गहरे नीचे तालाब में गिर गया। ट्रैक्टर के नीचे दबकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप के पास 112 डायल पुलिस और खेतों की रखवाली कर रहे लोग तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे तब घटना की जानकारी हो पाई। दोनों मृतक फर्रुखाबाद जिले के रहने वाले थे। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

फर्रुखाबाद जिले के थाना अमृतपुर के गांव चपरा गांव निवासी नीरज राजपूत(40) व उसके चाचा नरवीर(32) शुक्रवार की शाम ट्रैक्टर-ट्राली से आलू बेचने के लिए जलालाबाद मंडी आए थे। दोनों लोग आलू बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से जलालाबाद से फर्रुखाबाद रात 11 बजे जा रहे थे। कोहरा अधिक होने के कारण रास्ते में रैपुरा गांव के सामने रोड दिखायी नहीं दे रहा था। अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब की पुलिया से टकरा गई और पुलिया से उसी तालाब में 15 फिट नीचे जा गिरी। इस हादसे में नीरज व नरवीर की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। आवाज सुनकर क्षेत्र के लोग आ गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस ने दोनों मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। दोनों के परिवार वाले रात में मौके पर पहुंचे और दोनों शवों की शिनाख्त की। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


मृतक नरवीर।


मृतक नीरज।


क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर।


इसी पुलिया से टकराकर नीचे गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली। ● अमृत विचार

- पुलिया से 15 फिट नीचे तालाब में जाकर गिरा वाहन
- जलालाबाद से आलू बेचकर फर्रुखाबाद वापस जा रहे थे

### दो महिलाओं का उजड़ा सुहाग

मूतक नीरज राजपूत अपने पीछे पत्नी मायादेवी समेत पांच बेटियां छोड़ गए है। उसकी पांच बेटी रजनी, शिवानी, रिंकी, पिंकी, कंचन और तीन बेटे अभिषेक, रिषभ, नीलेश है। मृतक नरवीर की पत्नी का नाम माया देवी है और उसके चार बच्चे है। तीन बेटे तोता, अनूप, रतिश व एक बेटी किरण है। दोनों मृतक एक ही गांव के रहने वाले है। दोनों लोग खेती करते है। नरवीर के भाई भूरे ने बताया कि शाम को दोनों लोग जलालाबाद आलू बेचने के लिए आए थे। दोनों आलू बेचकर वापस जा रहे थे और हादसा हो गया। दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद घर पर पहुंचे और परिवार में रोना पीटना मच गया।

## पुलिस लाइंस में तैनात निरीक्षक की भमोरा में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुलिस लाइंस में तैनात निरीक्षक अरविंद गोस्वामी(55) की शनिवार को सड़क हादसे में भमोरा कस्बे में मौत हो गई। सूचना देर शाम यहां पहुंची तो पुलिस लाइंस में शोक छा गया।

प्रतिसार निरीक्षक सतीश चंद्र ने बताया कि निरीक्षक अरविंद गोस्वामी 24 जनवरी को मुख्यमंत्री के आगमन पर वीआईपी ड्यूटी में जनपद बदायूं के लिए रवाना हुए थे। वीआईपी ड्यूटी के बाद अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी बल्लिया देवचरा रोड पर तखतपुर गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टकराने के बाद उनकी मौत की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि अरविंद मूल रूप से आगरा के मोहल्ला कटरा वजीद खां थाना एतमा दौला के निवासी थे। उन्होंने बदायूं से 23 अक्टूबर 2023 को तबादले पर यहां पुलिस लाइंस में आमद कराई थी, तबसे यहीं तैनात थे। परिजनों को सूचना भेजी जा रही है।

# ...तब हर कोई पुलिस पर उठा रहा था सवाल कैसे मिलेगा न्याय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- घटना से जुड़े साक्ष्यों ने सिपाहियों को दिलाई उनके किए की सजा

**अमृत विचार :** वर्ष 1999 में कैंट चौकी में रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या की घटना को लेकर हर कोई पुलिस पर सवाल उठा रहा था कि जब कातिल भी पुलिस और विवेचना भी पुलिस के पास है तो हत्यारों को सजा कैसे होगी। लेकिन घटना से जुड़े साक्ष्यों की बदौलत सिपाहियों को उनके किए की सजा भुगतनी पड़ गई।

सदर क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी लियाकत का ममेरे भाई मंगल शाह रिक्शा चलाकर अपना पेट पालता था। वर्ष 1999 में सदर क्षेत्र में हुईं चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस जुटी थी। कैंट चौकी के तीन सिपाही सैय्यद अली, शिव कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार शुक्ला ने 24 अगस्त 1999 को तीन बजे एक मीनार वाली मस्जिद के पास से रिक्शा चालक मंगल शाह को पकड़ लिया और जबरन कैंट चौकी ले गए। इस दौरान मोहल्ले के कई लोगों के साथ लियाकत भी मौजूद था। रात करीब आठ बजे वह जानकारी करता हुआ कैंट चौकी पहुंचा, तो वहां काफी भीड़ थी। चौकी में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। उसने पास जाकर देखा तो उसके भाई मंगल का शव चारपाई पर पड़ा था। चौकी में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। शव छोड़कर पुलिसकर्मी भाग गए थे। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की सिपाहियों के खिलाफ एक के बाद साक्ष्य मिलते चले गए। इसी आधार पर सिपाही सैय्यद अली, शिवकुमार शुक्ला और अरविंद कुमार शुक्ला के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में भेजा गया। अदालत में मुकदमा चलने के दौरान गवाहों के बयान और सरकारी वकील संजीव कुमार सिंह के तर्कों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर सिपाही सैय्यद अली, शिवकुमार शुक्ला और अरविंद कुमार शुक्ला को उम्रकैद व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## सार-संक्षेप

### मशीन से गिरकर मजदूर की मौत

**शाहजहांपुर।** हरदोई से काम करके वापस लौटते समय सीमेंट मशीन से गिरकर मजदूर घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत मौत हो गई। कांट थाना क्षेत्र के गांव चाहरपुर निवासी सौरभ कुमार(30) मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह सौरभ हरदोई के पचदेवरा क्षेत्र में मिस्त्री के साथ मकान का लिंटर डालने गया था। लिंटर डलने के बाद सौरभ रात में आठ बजे मशाला बनाने वाली सीमेंट मशीन पर बैठकर आ रहा था। रास्ते में पचदेवरा क्षेत्र के गांव कपूर गांव के सामने मशीन से सौरभ नीचे गिरकर घायल हो गया। अन्य मजदूर घायल सौरभ को लेकर सीएचसी लाए। इधर सूचना मिलने परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए। घायल सौरभ की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों को कोई आरोप नहीं है। परिवार वालों ने मुआवजे की मांग की है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि घटना हरदोई जिले की है।

### सांड़ के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत

**तिलहर।** छुट्टा सांड़ ने शुक्रवार को बुजुर्ग महिला को पटक-पटक कर मार डाला। ग्रामीणों ने सांड़ को पकड़ने की मांग की है। सांड़ के न पकड़े जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव राजनपुर निवासी राकेश गंगवार मीरानपुर कटरा के काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में प्रवक्ता हैं। गणतंत्र दिवस पर उनकी मां नत्थो देवी(88) घर के बाहर अलाव ताप रही थी। इसी दौरान उनके घर के पास छुट्टा सांड़ आ गया। सांड़ ने उन पर हमला कर दिया और कई बार उठाकर पटका। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तमाम ग्रामीण सांड़ को भगाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह नहीं भागा। काफी देर बाद सांड़ वहां से गया। इसके बाद सभी लोग उन्हें अस्पताल ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि कई बार छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी को सूचित किया जा चुका है, लेकिन कोई भी पशुओं को पकड़ने के लिए कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं के हमले में कई ग्रामीण घायल हो चुके हैं। अगर सांड़ को नहीं पकड़ा गया तो गांव में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के बच्चे स्कूल भी जाते हैं। बच्चे किसी दिन पशुओं की चपेट में आ सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर इस सांड़ को जल्द से जल्द नहीं पकड़ा गया तो वह आंदोलन करेंगे।

### हरदोई के युवक का था हाईवे पर मिला शव

**रोजा।** सीतापुर हाईवे पर मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक जनपद हरदोई के शाहाबाद क्षेत्र का निवासी था और दो दिन से लापता था। गुरुवार तड़के सुबह करीब चार बजे रोजा पुलिस को सूचना मिली थी कि बरेली सीतापुर हाईवे पर लखीमपुर खीरी सीमा पर टेड़ी पुलिया के पास सड़क पर एक अधेड़ मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। कई वाहन उसके पैरों के ऊपर से गुजर गए हैं। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार पहुंचे। इसके बाद भी देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। मृतक का फोटो पुलिस ग्रुप में भी डाला गया था। जिसके बाद हरदोई के थाना शाहाबाद के गांव सिंकदरपुर निवासी जयदेवी परिजनों के साथ शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और शव की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि मृतक मंशाराम उसका भाई था। मानसिक रूप से परेशान होने के कारण मंगलवार से लापता थे। परिवार के लोग उनकी तलाश कर रहे थे।

## यातायात नियमों का करें पालन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार ने वाहन चालकों से कहा कि कोहरे में बहुत अधिक आवश्यक होने पर ही यात्रा करें, ओवर स्पीडिंग न करें, अपनी लेन में ही ड्राइविंग करें, फॉग लाइट का प्रयोग करें, वाहन में डंडीकेटर आन रखे, आग चल रहे वाहन से उचित दूरी बनाकर रखें, लो बीम पर गाड़ी चलाए, माल वाहक, ट्रैक्टर-ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर ही चले, मानक के अनुसार ही सवारी बैठाकर यात्रा करें, वाहन रोड किनारे खड़े करने के बजाए उचित स्थान पर पर वाहन खड़ा करें, नशे की हालत में वाहन न चलाए और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। गोष्ठी में नगर मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश, सीओ सिटी वीएस कुमार वीर कुमार सिंह, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### टेंपो समेत तीन दर्जन वाहनों के चालान किए

**शाहजहांपुर।** यातायात पुलिस ने शहर आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर टेंपो समेत तीन दर्जन वाहनों के चालान किए। एसपी अशोक कुमार मीणाके निर्देश पर शनिवार की दोपहर ट्रैफिक पुलिस ने पुवायां रोड पर रामनगर तिराहा, हथौड़ा चौराहा आदि स्थानों चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने तीन दर्जन टेंपो, मैजिक, पिकअप अदि वाहनों का चालान किया। टीम में यातायात प्रभारी निरीक्षक बाल कृष्ण यादव, सतीश यादव, फकरे आलम, सचेंद्र दीक्षित, ओमेंद्र सिंह, ओमप्रकाश आदि थे।

**अनदेखी** जिम्मेदार बने बेपरवाह, यात्री भी जान जोखिम में डाल करते रहे सफर, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर चालक दौड़ाते रहे वाहन

# अल्हागंज में हुए हादसे में 12 की मौत से भी नहीं लिया सबक

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर अल्हागंज क्षेत्र में गुरुवार को कंटेनर और ऑटो की टक्कर में 12 लोगों की मौत के बाद भी लोग सबक लेने को तैयार नहीं है। हादसे के बाद भी चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर वाहन दौड़ाते रहे, वहीं यात्री भी जान जोखिम में डालकर सफर करते रहे और जिम्मेदार भी बेपरवाह बने हुए हैं।

अल्हागंज क्षेत्र में घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को खुटार में बेधड़क होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली, ऑटो, मैजिक, बस और यह तक कि ई रिक्शा में भी क्षमता से कही ज्यादा सवारियों को बैठाकर चालक चलते रहे है। इन्हें पुलिस-प्रशासन का जरा भी खौफ नही है। जिम्मेदारों की यही लापरवाही दुर्घटनाओं का कारण बनती है और लोग अपनी जान गवां देते है। हादसे के बाद अधिकारी सख्ती दिखाकर एक दो-दिन अभियान चलाकर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करते है। खुटार में अवैध बस, टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे है। करीब पांच से अधिक लोग ठेकेदार बने हुए है। जहां से अवैध वसूली होती है। खुटार गोला, मैलानी, पूरनपुर और पुवायां, बंडा रोड पर बस, मैजिक, ऑटो को खड़े करके सवारियों को भरा जाता है। इन स्थानों पर पुलिस की ड्यूटी भी रहती है। पुलिस के सामने ही सड़क किनारे वाहन चालक सवारियों को अंदर ठूंस कर भरते हैं और उतनी ही सवारियां वाहन के पायदान पर लटककर सफर तय करते है। इन्हें दुर्घटनाओं का जरा भी भय नहीं और न ही पुलिस-प्रशासन का है। देखा जाए तो सवारियां भी हादसों में कम जिम्मेदार नहीं है। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए हैं कि अवैध बस, टैक्सी स्टैंड बंद कराये और क्षमता से अधिक सवारियों को ले जाने वाले लोगों पर कार्रवाई करे। इसके बावजूद अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ता है।


बंडा रोड़ पर जाता मैजिक लटकी सवारियां।


मैलानी रोड पर ऑटो में बैठी सवारियां और बच्चे।


पुवायां रोड पर छोटा हाथी में ठुंसी सवारियां।


थाने के सामने से मजदूर बैठाकर निकलती टैक्टर-ट्रॉली।

### पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों को करे जागरूक

पुलिस और परिवहन विभाग कभी कभार सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहनों का चालान काटने तक सीमित रहती है। लेकिन हादसों को लेकर पुलिस जरा भी सतर्कता नही बरतती है। लोगों का कहना है कि यदि वाहन चालकों को रोककर अगर सख्ती से पालन कराया जाए तो हादसों से बचा जा सकता है। लेकिन पुलिस इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझती है।

### वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर नहीं होने से कोहरे में बढ़ती हैं हादसे की संभावना

भीषण कोहरे में वाहन तेज रफ्तार से चलाना किसी खतरे से कम नहीं है। वाहनों में रिफ्लेक्टर तक नही लगे हैं। जिससे आने जाने वाले वाहनों और सड़को पर गहरे गड्ढो का अंदाजा चालकों को नहीं लग पाता है। जबकि कोहरे में अधिकांश हादसे होते है।

लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष खुटार को आदेशित किया जाएगा। अगर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर डग्गामार वाहन चल रहे हैं, तो कार्रवाई की जाए। **- पंकज पंत**, सीओ पुवाया

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश



डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)



श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर व अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ

ट्यूलिप ग्रान्ड बिल्डिंग, पीलीभीत रोड, बरेली

9411477351
9720159129

# एसपी समेत 48 पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित

## वित्त मंत्री ने पुलिस लाइन में ली सलामी, सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा व संविधान की शपथ दिलाई गई। वित्त मंत्री ने एसपी समेत 48 पुलिस कर्मचारियों को सराहनीय कार्य के लिए उत्कृष्ट सेवा से सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों का जीवन सुरक्षित रखे। साथ पुलिस कर्मचारियों को भी संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। साथ ही अग्निशमन कार्यालय के दमकल वाहन तिरंगा बनाकर पानी की बौछार छोड़ी, जो काफी सराही गई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैतिक परेड के प्रथम कमांडर अमित चौरसिया, सीओ सदर, द्वितीय परेड कमांडर उप निरीक्षक दीनानाथ मौर्य, तृतीय परेड कमांडर प्रेमपाल सिंह थे। पहली टोली के कमांडर उप निरीक्षक गिरीश चंद्र, द्वितीय टोली कमांडर उप निरीक्षक नरेंद्र पाल, तृतीय टोली कमांडर के उप निरीक्षक शिवम यादव, चौथी टोली कमांडर के उप निरीक्षक अविनाश पण्डीर, पांचवी टोली के कमांडर उप निरीक्षक मधु यादव, छठीं टोली के कमांडर उप निरीक्षक मंजू यादव, मोटर साइकिल दस्ता के कमांडर उपनिरीक्षक गोविंद सिंह, अग्निशमन टीम के कमांडर हेका नेक सहाय थे। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पुलिस महानिदेशक की ओर से सराहनीय कार्य के लिए एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी, एएसपी सिटी सुधीर जायसवाल, प्रतिक्षार निरीक्षक सतीश चंद, निरीक्षक सीपी शुक्ला, योगेंद्र कुमार, प्रभाष चंद्र, सुरेंद्र पाल सिंह समेत 48 कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक प्रदान किए गए। इस दौरान एसपी की पत्नी भारती सिंह ने स्कूली बच्चों को पुरस्कार व उपहार भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सगीर अहमद, डॉ. इन्दु अजनबी ने किया। एसपी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम डीएम, जनपद न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, संभ्रांत नागरिक आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार



एसपी अशोक कुमार मीणा को प्रशस्ति पत्र देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।



पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## सार-संक्षेप

### शगुन ओमर का सपरिवार किया अभिनंदन



**पुवायां।** नगर के लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 75 वें गणतंत्र दिवस पर संरक्षक जसविंदर सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद विद्यालय में विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम हुए। अतिथि के रूप में पीसीएस परीक्षा पास करने वाली शगुन ओमर पहुंची। विद्यालय प्रांगण में तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उनका सपरिवार अभिनंदन किया गया। इस मौके पर शगुन ने कहा कि सपने अवश्य देखना चाहिए। अगर आप ठान लें तो कोई भी मंज़िल आप से दूर नहीं है। आपको सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। एक न एक दिन सफलता आपके कदम अवश्य चूमेगी। गायत्री परिवार की ओर से जनपद और तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित प्रदर्शनी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एसडीएम संजय पांडे और तहसीलदार मनोज कुमार सिंह व समिति सदस्यों की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद चंद्र गुप्ता ने गायत्री परिवार पर प्रकाश डाला। राकेश चंद्र गुप्ता ने विद्यालय में प्रदान की जाने वाली मूल्यपरक शिक्षा के विषय में कहा कि हम देशी घी बेचते हैं। उप प्रबंधक अरुण सक्सेना ने कहा कि शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी उसके विद्यार्थियों की सफलता है। प्रबंध समिति के सदस्यों में जसविंदर सिंह, हरदेव सिंह, राकेश चंद्र गुप्ता, अरुण कुमार सक्सेना, प्रमोद चंद्र गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, सूर्य कुमार, दीपक सक्सेना सहित सभी विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन वैष्णवी द्विवेदी और आश्रिता शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

### वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में शान से फहराया तिरंगा



**शाहजहांपुर।** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक संरक्षक रमेश भैया और विशिष्ट अतिथि ओमकार मनीषी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा मिश्रा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ध्वजारोहण के बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए 26 जनवरी की महत्ता और शहीदों को भी याद कर सभी को उनके आदर्शों का अनुसरण करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी। विजेता छात्र छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मेडिकल कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. केवी थिम्मा राजू, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह चौहान व सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी और गैरसरकारी कार्यालयों और स्कूलों में ध्वजारोहण किया गया। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं जगह-जगह तिरंगा झंडा के साथ लोगों ने बाइक रैली भी निकाली।

**पुवायां।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व विधायक शकुंतला देवी और अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को गर्म वस्त्र भी वितरित किए गए। इसके पश्चात पालिका अध्यक्ष ने गांधी पार्क में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और राजीव चौक पर स्थित राजीव प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। गांधी पार्क में पूर्व विधायिका शकुंतला देवी ,एसडीएम संजय कुमार पांडेय, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता मौजूद रहे।

चन्दी कान्वेंट स्कूल में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इससे पूर्व स्कूल निदेशक बलदेव सिंह अवतार सिंह ने ध्वजारोहण किया। भाजपा नेता अनुज मिश्रा एडवोकेट के नेतृत्व में युवाओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा बंडा रोड से शुरू होकर शाहजहांपुर रोड, खुटार रोड, निगोही रोड एवं राजा मार्केट, चौराहा बाजार, तिराहा बाजार होते हुए बंडा रोड पर जाकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता व राजकमल वाजपेयी आदि मौजूद रहे। नगर व्यापार मंडल द्वारा चौराहा बाजार पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष केके लील, मंगल मिश्रा, अखिलेश अग्निहोत्री, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। नगर के मोहल्ला आनंद वाटिका स्थित एमए पब्लिक स्कूल ग्लोरियस, पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति के गीतों से समा बांधकर सभी का मन मोह लिया। इससे पहले स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने ध्वजारोहण किया।

**खुटार।** गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक हरदेव सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने ध्वजारोहण किया गया। थाना खुटार में थानाध्यक्ष संजय कुमार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, डॉ. कृष्ण मुरारी शुक्ला, ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा, ब्लॉक संसाधन केंद्र में एबीएसए मृत्युंजय यादव, रामपुर कलां में शहीद ऊधम सिंह इंटर कॉलेज के अध्यक्ष गुरमेल सिंह मल्ली, वन रेंज कार्यालय में रेंजर मनोज में पंचवटी पुस्तकालय में प्रबंधक वेदप्रकाश पांडेय ने ध्वजारोहण किया।

**सिंधौली।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में प्रधानाचार्य आर. डी. तिवारी ने ध्वजारोहण किया है। इसके अलावा स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने सुंदर-सुंदर गीत प्रस्तुत किए।

**कलान।** गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा ने, थाना कार्यालय पर थानाध्यक्ष प्रभाष चंद्र ने, नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष हरि नारायण गुप्ता, मकरंद सिंह इंटर कॉलेज में सोरन सिंह यादव, मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में संतोष सिंह परमार, मोहन आदर्श इंटर कॉलेज में प्रबंधक कृष्ण स्वरूप मिश्रा, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में सोनपाल सिंह यादव, गोकर्ण सिंह इंटर कॉलेज में आजाद सिंह यादव, सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज में संत कुमार सिंह यादव, सरस्वती जूनियर हाईस्कूल बम्हौरा में प्रधानाध्यापक अनूप सिंह चंदेल, पृथ्वीपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक ऐराज मिया, एमजी कॉन्वेंट विद्यालय में प्रबंधक राजीव गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्वरूपों की झांकियों की शोभायात्रा निकाली गई।

**निगोही।** नगर के जायरीनों ने गणतंत्र दिवस पर मक्का शरीफ में तिरंगा फहराकर अपने मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर शाहिद हुसैन गुड्डू, सैयद नाजिर अली चांद, मौलाना तारीख, आरिफ उल्ला, नाजिम खां, जुनैद खां तहरुब खां, खान अली, आशार खां, उस्मान, तल्हा, समीर, साथ में मौजूद रहे।



पुवायां में राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते चेयरमैन संजय गुप्ता।



पुवायां में तिरंगा यात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार



चन्दी कान्वेंट स्कूल में शिक्षकों के साथ बच्चे। ● अमृत विचार



खुटार के एलएसपी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



कलान के एक स्कूल में सजी देवस्वरूपों की झांकी।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा

**कांट।** मदरसा अन्जुमन नाज गणतंत्र दिवस पर नाजबी ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक उमेश दुबे, प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर बाजपेयी ने बधाई दी। अलफलाह कॉन्वेंट स्कूल में प्रबंधक अब्दुल अजीम ने, पीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जफर सैफी ने, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने, नगर पंचायत में वरिष्ठ लिपिक व चेयरमैन प्रतिनिधि रईस मियां ने, सहकारी गल्ला गोदाम पर गोदाम प्रभारी सर्वेश, ग्रामीण बैंक में गोविंद शरण पांडेय, बीआरसी पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव बोधन वर्मा, मदरसा तालीम उल कुरान रहमतपुर में सपा के वरिष्ठ नेता अनवर शादाब ने ध्वजारोहण किया। कृष्णा चिल्ड्रेन एकेडमी कमलनैनपुर में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए।

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693

# चावल पकड़कर झाड़ लिए हाथ, गरीबों को बांटा गया न एफआईआर कराई गई

## दो महीने पहले पुलिस ने पकड़ा था 35 क्विंटल गल्ले का चावल, सुपुर्दगी में पड़ा है डंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गरीबों का 35 क्विंटल चावल दो महीने से सुपुर्दगी में डंप पड़ा है। प्रशासन ने बस चावल पकड़ कर हाथ झाड़ लिए। पकड़ा गया चावल गरीबों के हक का होने के बावजूद उन्हें ही नहीं बांटा जा सका है। कोटेदार पर गबन की रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी चल रही थी, लेकिन तैयारी बस तैयारी ही रह गई। अभी तक हकीकत नहीं बन सकी है। ऐसे में सुपुर्दगी में दिया गया चावल खराब होने की कगार पर पहुंच गया है।

सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद सरकारी गल्ला की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। 24 नवंबर को देर शाम अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने रोजा के औद्योगिक क्षेत्र से सरकारी चावल से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़ा था। चावल को कब्जे में लेकर दूसरे कोटेदार की सुपुर्दगी में दे दिया गया था।




जिला पूर्ति कार्यालय।

अधिकारियों के अनुसार रोजा के औद्योगिक एरिया में स्थित एक राइस मिल पर कोटे का चावल बिकने के लिए जा रहा था। समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस पिकअप को कब्जे में लेकर थाने ले आई थी और पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर खाद्य व पूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूछताछ कर पिकअप में लदे सरकारी चावल को एक अन्य कोटेदार के सुपुर्द कर दिया था। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी वीएस डूलिया ने उस समय बताया था कि रोजा क्षेत्र में एक पिकअप से करीब 35 क्विंटल सरकारी चावल पकड़ा गया। जिसे एक अन्य कोटेदार को सुपुर्द कर दिया गया। उस समय अधिकारियों ने बताया था कि कोटेदार के खिलाफ विभागीय के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, लेकिन अभी तक ऐसा हो नहीं हो पाया है। अभी तक कोटेदार पर न तो विभागीय कार्रवाई हुई है और न ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

> प्रकरण में अभी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। चावल को कोटेदार की ओर से समय-समय पर बदला जाता है, जिससे वह खराब नहीं होता है। प्रकरण का दो महीने से लंबित रहना हैरान करता है। जल्द ही प्रकरण का निस्तारण कराया जाएगा।- ओम हरि उपाध्याय, डीएसओ।

**कोटेदार राइस मिल पर बेचने जा रहा था सरकारी अनाज मामले में एफआईआर न होने से उठ रहे सवाल**

ऐसे में गरीबों का राशन डकारने का प्रयास करने वाला खुलेआम घूम रहा है। दूसरी ओर अधिकारी मामले को भूले हुए हैं। यही नहीं सुपुर्दगी में दिया गया 35 क्विंटल चावल अब खराब होने की कगार पर पहुंच चुका है। लगभग दो महीने से वह यूं ही सुपुर्दगी में पड़ा है। चावल में घुन लगने और कीड़े पड़ने की आशंका बलवती हो रही है। अगर चावल खराब हो गया तो एक तरह से गरीबों के हक पर ही कुठारघात होगा। पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द से जल्द इस दिशा में कदम उठाए जाएंगे ताकि प्रकरण का निस्तारण हो सके। कम से कम चावल तो सही जगह पहुंच सके।

## नेहा मंडल प्रभारी मनोनीत



नेहा पांडेय।

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कांग्रेस नेत्री नेहा पांडेय को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (आउटरीच विभाग) के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम पांडेय ने प्रदेश महासचिव एवं बरेली मंडल का प्रभारी मनोनीत किया है।

उन्होंने उम्मीद जाहिर की है वह पार्टी को और मजबूत करेंगी। उनके मनोनयन पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा आज

**शाहजहांपुर।** ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा आयोजन समिति की ओर से आज सुबह 11 बजे प्रादेशिक सांस्कृतिक यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा से जुड़े वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना ने बताया कि यात्रा की शुरुआत खिरनीबाग स्थित बिस्मिल प्रतिमा स्थल से किया जाएगा। यह यात्रा एमनजई जलालनगर स्थित अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार तक जाएगी।

## परिवार नियोजन सफल बनाने को चर्चा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** भारत सरकार और प्रदेश सरकार की मुहिम को साथ जोड़ते हुए स्वयं सेवी संस्था पीएसआई इंडिया ने शनिवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में परिवार नियोजन पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में कार्यकारिणी के पदाधिकारी समेत थोक दवा विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया।

**कार्यशाला में पीएसआई इंडिया और औषधि प्रशासन ने की सहभागिता**

कार्यशाला में परिवार नियोजन के कार्यक्रम सफल बनाने के लिए दवा व्यापारियों के सुझाव लिए गए। बच्चों की संख्या, उनके जन्म के बीच का अंतराल को नियंत्रित करना, गर्भ निरोधक के उपयोग व परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के माध्यम से भारत की जनसंख्या को स्थिर करने में सहयोग करने को लेकर चर्चा की गई। पीएसआई की डॉ. संगीता गोयल ने परिवार नियोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए सीमित परिवार होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने समझाया कि आधुनिक परिवेश में महिलाओं को किस प्रकार परिवार नियोजन में साझीदार बनने, अवांछित एवं उसमें गर्भधारण को कम करके उच्च जनसंख्या के प्रभाव को कम करने में सहायता की जाए तथा मातृ मृत्यु दर को कम किया जाए, इस पर उन्हें विश्वास में लिया जाना चाहिए। औषधि निरीक्षक शालिनी मित्रा ने भी उपयोगी सुझाव रखे। कार्यशाला में एसीएमओ डॉ. पी पी श्रीवास्तव, जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना, महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद, हरिओम अग्रवाल, सुनीति रस्तोगी आदि शामिल रहे।



कार्यशाला में परिवार नियोजन पर विचार विमर्श करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## नसबंदी कराने में पुरुष बहुत पीछे, महिलाओं की संख्या बढ़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** परिवार नियोजन सेवाओं को धरातल पर लाने के स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। पिछले तीन वर्षों में नसबंदी कराने के मामले में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक है। हालांकि जागरूक दोनों को ही किया जा रहा है। नसबंदी कराने पर महिलाओं को दो व पुरुष को तीन हजार रुपये दिए जाते है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में 29 पुरुष, 3001 महिलाओं की नसबंदी कराई गई और 10453 कॉपर टी का प्रयोग हुआ। वर्ष 2022 में 28 पुरुष, 3002 महिलाओं की नसबंदी कराई और 11266 कॉपर टी का प्रयोग किया गया।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में 20 पुरुष, 1900 महिलाओं की नसबंदी कराई गई और 7460 कॉपर टी का प्रयोग किया गया। आंकड़ों पर नजर डाले तो तीन साल में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने नसबंदी में अधिक छलांग लगाई है। हालांकि

**शारीरिक कमजोरी आने की गलत अवधारणा के चलते नसबंदी कराने से कतराते है पुरुष**

जिले में नसबंदी के लिए महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को अधिक जागरूक किया जा रहा है। लेकिन इसमें बड़ी दिक्कत सामने आ रही है। पुरुषों में गलत अवधारणा है कि नसबंदी में शारीरिक कमजोरी आती है। इसलिए पुरुष नसबंदी कराने से कतराते है।

सरकारी डॉक्टरों के मुताबिक यह भ्रांति गलत है। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अधिक सरल व सुरक्षित है। पुरुष नसबंदी चंद मिनट में होने वाली आसान क्रिया है। समय-समय पर शिविर लगाए जाते है। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बताया कि महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को नसबंदी के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुरुष अपने मन से भ्रम निकाल दे कि नसबंदी कराने पर कमजोरी आती है। महिला की अपेक्षा पुरुष की नसबंदी करना सरल है।

## सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हुईं इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इससे पहले शनिवार से जिलेभर में प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू हो गईं। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए भी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। पहले दिन शनिवार को डीआईओएस हरिवंश कुमार समेत सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारियों ने प्रयोगात्मक परीक्षाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाएं भी देखीं। प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में खासा उत्साह दिखा।

ब्लॉक भावलखेड़ा में विनोबा सेवा आश्रम इंटर कालेज, गायत्री परशुराम इंटर कॉलेज रौसर, अटल बिहारी बाजपेयी इंटर कॉलेज दनियापुर, वेदवती इंटर कॉलेज कहिलिया, बृजरानी कालेज, ददरौल में जीआईसी चांदापुर, श्री खमानीराम इंटर कॉलेज, कांट में श्री झब्बूलाल दिलावरपुर, तारा चंद्र मेमोरियल कॉलेज, महानगर में डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, एसपी कालेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, एनटीआई, डम्मर लाल कॉलेज, आली ज्ञानदीप कॉलेज, मदनापुर में श्री जादों बहादुर सिंह कॉलेज, शहीदे वतन भगत सिंह कॉलेज, स्वामी जयदेव मुजफ्फरपुर समेत अन्य सभी विकास खंडों में कृषि, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बायो, होम साइंस आदि विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई।



केंद्र पर परीक्षा की व्यवस्थाएं देखते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी और वॉइस रिकॉर्डर के बीच परीक्षा कराई जा रही है। प्रत्येक चार केंद्र पर एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट डीएम द्वारा नियुक्त किया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित केंद्रों पर लगातार भ्रमण पर रहे और परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने में मदद की।

### 163 लोगों को बांटे निःशुल्क चश्में



**शाहजहांपुर।** रोजा पावर सप्लाई कंपनी की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर पांच गांवों के 163 महिला-पुरुषों को नि :शुल्क चश्मे वितरित किए गए। कंपनी की ओर से दिलावरपुर, भटकर, चौढेरा, परमाली और बेहटी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा के सहयोग से दिसंबर में कैंप लगाकर 324 लोगों का नेत्र परीक्षण कराया गया था, जिसमें 163 लोगों को चश्मा देने के लिए चिन्हित किया था। लाभान्वित होने वालों में ग्राम दिलावरपुर में 32, दिलावरपुर भटकर में 42, चौढ़ेरा में 23, परमाली में 21 और बेहटी में 45 लोग शामिल रहे। 16 मरीज़ों का ऑपरेशन भी कराया गया। रोज़ा पॉवर के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर ने सहयोगियों के साथ चश्मा वितरण किया। ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, प्रधानपति नरेंद्र कुमार वर्मा, कुमार अवनीश, राजीव कुमार सिंह, विनोबा आश्रम से अंकित मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, अखलाक खान, अशोक सिंह मौजूद रहे।

### अदीबा फातिमा मिस और आशीष चुने गए मिस्टर फ्रेशर



**शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएलएड 2023 के प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए 2022 के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में डीएलएड 2023 की प्रशिक्षु अमृता, कंचन गंगवार ने कविता पाठ, अभिषेक कुमार, नैमिष गुप्ता, कामाक्षी सक्सेना ने गीत, अनिरुद्ध कुमार ने गजल, पुनीत ने हास्य कविता प्रस्तुत की। प्रिंस ने नृत्य प्रस्तुत तो अंशिका सिंह ने भाषण प्रस्तुत किया। प्रवक्ता अतुल कुमार शुक्ला, टीआर गंगवार ने भी गीत प्रस्तुत किए, जमाल अख्तर ने शायरी की। अंजनी कुमार भारती, सुभाष चंद्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार पटेल, अमन कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार मिश्रा, वरुण उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अदीबा फातिमा को मिस फ्रेशर और आशीष सिंह को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

## चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शनिवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि पुवायां रोड महमूदापुर तिराहे पास एक चोर की बाइक लिए खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके बाइक चोर को दबोच लिया। पकड़ा गया चोर पुष्पेंद्र कुमार निवासी मकरंदपुर धीयरपुरा थाना खुदागंज है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि वह आस-पास के क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदातें करता है। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि 23 जनवरी को सिंधौली के गांव शिवनगर से बाइक चुराई थी। वाहन चोर पर विभिन्न धाराओं के 22 मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज है। इसके अलावा तिलहर पुलिस ने निगोही मार्ग गर्रा पुल के निकट ब्रजेश निवासी धनकपुर थाना तिलहर व रिंकू निवासी लखौआ थाना तिलहर को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया।

# रात से सुबह तक कोहरा, दिन में खिली धूप ने दी राहत

## कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी, शाम होते ही गिर रहा पाला, सड़क पर चलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** दोपहर के चंद घंटों को छोड़ दें तो जिले में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। भीषण कोहरा और गलनभरी सर्दी कहर बरपा रही है। महानगर सहित पूरे जिले में घना कोहरा छा रहा है। जिसके चलते सुबह जल्दी काम पर जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पुरवा के प्रभाव से दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटने के कारण तापमान में क्रमिक वृद्धि होगी, जिससे अगले 3-4 दिनों में कड़ाके की सर्दी से निजात मिलेगी।

जिले में सर्दी का सितम जनवरी के पहले सप्ताह से जारी है। पहले 26 जनवरी के बाद सर्दी कम होने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन अब 26 जनवरी भी बीत गई है। इसके बाद भी सर्दी कम नहीं हो पा रही है। शनिवार सुबह भी कड़ाके की सर्दी देखने को मिली। घना कोहरा छाया रहा और गलनभरी सर्दी परेशान किए रही। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेते हुए देखे गए। हालांकि दोपहर में कुछ समय के लिए धूप निकली, जिससे राहत मिली। मौसम विभाग ने 27 और 28 जनवरी को भीषण सर्दी की चेतावनी जारी की है, लेकिन दोपहर में धूप से राहत मिलने की भी उम्मीद है। शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को भी शीतलहर जारी रहेगी।



सुबह के समय बच्चों को स्कूल ले जाती महिला। ● अमृत विचार



सुबह तड़के कोहरे में जाते वाहन। ● अमृत विचार

### हृदय रोगियों को रहता है खतरा

सर्दी का मौसम सेहत के लिए अच्छा होता है, लेकिन दिल के मरीजों को हार्ट अटैक बढ़ने की संभावना इस मौसम में ज्यादा होती है। एक अनुमान के मुताबिक सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा गर्मी के मौसम की तुलना में लगभग 53 फीसदी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए अपने खानपान, दिनचर्या में इन दिनों खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। हार्ट अटैक हर समय छाती में दर्द के साथ ही आए ऐसा जरूरी नहीं है। कई और लक्षण ऐसे हैं, जिन्हें अक्सर लोग हल्के में लेते हैं, जैसे यदि कंधों या हाथ में दर्द को कई बार हम यह समझ लेते हैं कि शायद गलत ढंग से सोने के कारण ऐसा हुआ है।

"सतही स्तर पर हवा का रुख बदलकर पुरवा/दक्षिणी-पूर्वी होने से वायु संचालन बढ़ने और वायुमंडलीय स्थिरता घटने के कारण कोहरा छंटने से धूप निकलेगी, जिससे तापमान बढ़ने की संभावना है। इससे आगामी 3-4 दिनों के दौरान रात्रि एवं सुबह के दौरान कोहरे का दौर जारी रहने की संभावना है, किंतु पुरवा के प्रभाव से दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटने के कारण भीषण सर्दी से क्रमिक सुधार के कारण राहत मिलने की संभावना है। साथ ही आगामी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से फरवरी के पहले 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग में वर्षा होने की संभावना भी बन रही है।

– **डॉ. अतुल कुमार सिंह**, मौसम वैज्ञानिक/प्रभारी- राज्य कृषि मौसम केंद्र।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी रवीन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि 23 जनवरी की रात आठ बजे घर के बाहर टीन शेड में बाइक खड़ी कर दी थी। वह अगले दिन सुबह उठे तो देखा कि बाइक गायब थी। उन्होंने तलाश की लेकिन बाइक नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र गुप्ता ने चोरी गई बाइक की तलाश की जा रही है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकैनिया वीरपुर, विकास खंड-शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरफुट, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 28 जनवरी 2024 से 30 जनवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पी.डब्ल्यू.डी. रोड से पंचायत घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 350x3 मी. | 4,93,000/- |

महेंद्र पाल वर्मा (प्रधान) — विकास चंद्र गंगवार (सचिव)

### कार्यालय ग्राम पंचायत मैकपुर कला वि.ख. भुता, बरेली

पत्रांक : 48/लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 — दिनांक : 27.01.2024

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैकपुर कला में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्न कार्य होना है। पंजीकृत फर्म सामग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, ईंट, रोड़ा आदि आपूर्ति हेतु दिनांक 02.02.2023 तक निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामभरोसे के घर से दामोदरदास के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.85 लाख |
| 2. | सन्तोष के घर से मंगली प्रसाद के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.16 लाख |
| 3. | ओमप्रकाश के घर से पप्पू के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.21 लाख |
| 4. | श्रीराम के घर से ओमप्रकाश के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 1.73 लाख |
| 5. | श्रीराम के घर से वीरेंद्र के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 2.24 लाख |

अजय वर्मा सचिव — सन्तोष कुमार प्रधान


## विधायक सलोना कुशवाहा ने की चादरपोशी



**तिलहर।** बीजेपी विधायक सलोना कुशवाहा ने शनिवार शाम अचानक मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित शमसुद्दीन मियां की दरगाह पर पहुंची। यहां दरगाह की कमेटी ने उनका माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। विधायक ने स्वागत के बाद दरगाह के अंदर दाखिल होकर गुलपोशी करते हुए क्षेत्र वासियों के सेहतमंद रहने और खुशहाली की दुआ मांगी। अपने स्वागत और मिल रहीं दुआओं से अभिभूत भाजपा विधायक ने कहा कि वह इससे पहले भी दो बार यहां आ चुकी हैं, यहां आकर उन्हें मानसिक शांति का अनुभव होता है। भाजपा विधायक के साथ भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री चंद्रकांत त्रिवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, रवि आदि मौजूद रहे।

## पानी की निकासी को लेकर महिला से मारपीट



**जलालाबाद।** हार गुरैया गांव निवासी गीता देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में कुछ लोग नाली से पानी नहीं निकलने दे रहे हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट की गई। जिससे उनका हाथ टूट गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। गीता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रंजिशन दो भाइयों को किया घायल

**तिलहर।** थाना क्षेत्र के गांव वराह मोहब्बतपुर निवासी राहुल ने बताया कि गांव के ही शंकर व वीरपाल पुरानी रंजिश मानते है। शनिवार की दोपहर 12 बजे शंकर अपने साथियों के साथ दरवाजे पर आए गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी धारदार, डंडे लेकर राहुल के मकान में घुस गए। आरोप है कि धारदार हथियार से आरोपियों ने उसके भाई संजीव को घायल कर दिया और राहुल को पीटकर घायल कर दिया। उन्होंने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाए। पुलिस जांच कर रही है।

## अवैध उगाही की जांच शुरू

**भावलखेड़ा।** सरही निवासी इरशाद ने छह दिसंबर को आईजीआरएस पोर्टल पर स्टाफ नर्स पर अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जिसमें कहा गया था कि वह अपनी पुत्रवधू शहनाज को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। यहां तैनात स्टाफ नर्स ने प्रसव कराने के बदले उनसे अवैध उगाही की। उनकी शिकायत का निस्तारण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव भारती ने लिखा है कि आईजीआरएस पोर्टल पर इरशाद ने बताया कि स्टाफ नर्स ने प्रसव कराने के लिए 5000 रुपए लिए। मामले की जांच अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीवी श्रीवास्तव कर रहे हैं।

## महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर ब्लॉक पर किया प्रदर्शन

**मिर्जापुर।** किसानों ने गणतंत्र दिवस पर जरियनपुर से ब्लॉक मुख्यालय तक ट्रैक्टर रैली निकाली। इस दौरान ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे किसानों ने तिरंगा फहराया। इनमें बड़ी संख्या में महिला किसान शामिल रहीं। भाकियु के तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि सही मायने में गणतंत्र दिवस तभी सफल होगा जब किसानों को उनका वाजिब हक मिलेगा। उन्होंने छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भिजवाने, किसानों की फसल का उचित मूल्य दिलाने की मांग सरकार से की।



# हमला होने से कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रुकने वाली नहीं

संवाददाता, सिंधौली/पुवायां

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जनपद स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहले दिन सिंधौली में खन्नौत पुल के पास स्थित हनुमान जी मंदिर के पास से शुरू की।

शनिवार को यात्रा में कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लिए पैदल चल रहे थे।पद यात्रा मुड़िया मोड़ तक पहुंची। इसके बाद गाड़ियों का काफिला डीजे वाहन के साथ पुवायां के राजीव चौक पहुंचा। जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पुवायां बाजार के विभिन्न मार्गों से होकर बंडा रोड पहुंची। उसके बाद काफिले ने बडा चौराहे पर गुरुद्वारा में माथा टेका। तीन किलोमीटर दूरी तय करते हुए पदयात्रा मुरादनगर मोहल्ला में पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गई। जहां जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भाजपा घबराकर राहुल गांधी की यात्रा पर हमला करवा रही और मुकदमे दर्ज कराए जा रहे, लेकिन ये यात्रा रुकने वाली नही है। जनपद के हर ब्लॉक में यात्रा अपना सफर तय करेगी। अगले माह राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक यात्रा चलेगी जोकि शाहजहांपुर से होकर गुजरेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस को कमजोर समझने वाले लोग मुगालते में न रहें। सभा को महानगर अध्यक्ष पवन सिंह सहित तमाम नेताओं ने संबोधित किया। बंडा के बाद काफिला खुटार चौराहे पर पहुंचा। वहां लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर अनूप वर्मा, फैजान खान, अनस इकबाल, गायत्री प्रकाश अवस्थी, कृष्ण विनोद मिश्रा, महेंद्र पाल कठेरिया, अर्चना वाल्मीकि, मोहिनी सागर, पूनम पांडे, नेहा पांडे, रामजी अवस्थी, गौरव त्रिपाठी, रफी उल हसन, फुरकान अहमद कुरेशी, अरुणोद मिश्र, दीपेश सिंह, आशीष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- सिंधौली से शुरु हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले जिलाध्यक्ष रजनीश
- पुवायां, बंडा, खुटार पहुंचने पर हुआ यात्रा का स्वागत

## देशी बंदूक, कारतूस बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**खुटार, अमृत विचार:** थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि 26 जनवरी को करीब साढ़े आठ बजे मुखबिर की सूचना पर दौलतपुर गैस एजेंसी गोदाम के पास गांव सिमरा वीरान निवासी आरोपी गुरविंदर सिंह को पकड़ा है। उसके पास से देशी बंदूक, एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी गुरविंदर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।


**सम्मन मुद्दालय व अदालत असि. सिविल जज. जू.डि. प्रथम बरेली। मूलवाद सं. 68 सन् 2022**

1. गंगाराम वालिग पुत्र श्री मान सिंह निवासी ग्राम भगवापुर धिमरी परगना तहसील व जिला बरेली। 2. श्रीमती मोना देवी पत्नी गंगा सिंह पुत्री मान सिंह निवासी 158 आनन्द विहार कालोनी पीलीभीत बाईपास रोड परगना तहसील व जिला बरेली वादीगण बनाम 1. झनकारी लाल पुत्र सुदामा जो निवासी ग्राम कन्थरी परगना तहसील सदर जिला बरेली 2. त्रिलोकी सिंह पुत्र श्री सुदामा जो निवासी ग्राम कन्थरी परगना तहसील सदर जिला बरेली 3. राजू ठेकेदार द्वारा जिला पंचायत चौपला रोड, सिसिल लाइन्स, बरेली 4. युधिष्ठिर ठेकेदार द्वारा जिला पंचायत चौपला रोड परगना तहसील सदर जिला बरेली.......प्रतिवादीगण चूंकि मुसम्मी गंगाराम आदि ने आपके नाम एक नालिस वास्ते स्थाई निषेधाज्ञादेश को डिग्री प्राप्त करने के दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 29.01.24 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज वतारीख 20.01.24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **जज**



### कार्यालय ग्रा.पं. भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक : 06/पं./निविदा/वर्ष 2023-24 — दिनांक 27.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा.पं. भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा एवं पंचम राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत निम्न लिखित कार्यो का निर्माण कराया जाना है जिस हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अत: निम्नलिखित कार्यो के सम्मुख अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपरान्ह 3:00 बजे सम्बन्धित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बन्धित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोकनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम भवानीपुर में खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण | सरिया (MS Bar) व अन्य सामान |

ग्राम प्रधान ग्रा.पं. भवानीपुर निगोही (शाहजहांपुर) — सचिव ग्रा.पं. भवानीपुर निगोही (शाहजहांपुर)


## बाइक न देने पर रिश्ता तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** निगोही थाना क्षेत्र के गांव ऊनकला निवासी सखावत खां ने बताया कि उसने पुत्री की शादी गांव में ही शमीम खां के साथ तय की थी। 25 दिसंबर 23 को शादी के लिए रोक की थी। रोक में 50 हजार रुपये, जेवर, मोबाइल दिया था। बारात 18 फरवरी 24 आनी थी। पांच फरवरी को शमीम ने फोन करके कहा कि अगर शादी करना चाहते हो तो एक बुलेट मोटर साइकिल व एक लाख रुपये देना होगा वरना यह समझना शादी नहीं होगी। उन्होंने विपक्षी गण को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन विपक्षीगण नहीं माने। गांव में शादी के लिए पंचायत हुई। लेकिन शमीम व उसके परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया। उन्होंने रोक में दिया सामान व रुपये मांगे तो विपक्षी मारपीट पर अमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शमीम खां, नहीम खां, फहीम खां, उजमा समेत सात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पीएचसी से इन्वर्टर चोरी

**शाहजहांपुर। कलान** क्षेत्र के गांव गंगानगर निवासी बबली चौहान ने बताया कि पीएचसी परौर में बीएचडब्लू के पद पर हैं। गुरुवार की सुबह सुदेश कुमार निवासी गोलागंज थाना परौर अस्पताल में ड्यूटी पर आए तो देखा कि कमरे का ताला टूटा था। कमरे में रखा इनवर्टर, बैटरा, गायब था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


### बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक : 2581/बी.के.एस./सिविल/2023-24 — दिनांक : 24.01.2024

**पुनः ई-निविदा-सूचना**

ई-पोर्टल पर प्रकाशित, दैनिक समाचार पत्र "दैनिक जागरण", "अमृत विचार" बरेली में निविदा क्रमांक-2023/बी.के.एस.सी.एम./872799-1,2023/बी.के.एस.सी.एम./1872864-1 पर्याप्त निविदाएं प्राप्त न होने के कारण उक्त निविदायें अब निम्नवत् प्राप्त की जायेंगी। निविदाओं को अपलोड करने की अन्तिम तिथि 07.02.2024 समय सायं 06:55 पीएम एवं निविदाओं को दिनांक 08.02.2024 को समय 02:30 पी.एम. से 03:00 पी.एम. के मध्य खोला जायेगा जो कि दिनांक 25.01.2024 को अपरान्ह समय 06:55 पी.एम. से पोर्टल से प्राप्त की सकती है। अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

प्रधान प्रबन्धक



### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, क्यारा, बरेली

पत्रांक : 2198 स.ले./सांसद निधि/निविदा सूचना/2023-24 — दिनांक : 27 जनवरी 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा माननीय मिथिलेश कुमार कठेरिया सांसद सदस्य (राज्य सभा) के सांसद निधि 2023-24 के अन्तर्गत विकास खण्ड क्यारा क्षेत्रान्तर्गत PEOPLE FOR ANIMALS के लिए बरेली में पशु बचाव कार्य और पुर्नवास हेतु बीमार पशुओं को एम्बुलेंस के रूप में वाहन क्रय किये जाने हेतु फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं निम्न विवरण एवं नियम/शर्तो के अनुसार दिनांक 02.02.2024 की सायं 02:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी, जो उसी दिवस सायं 03:00 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | प्रस्तुत दर |
|---|---|---|---|
| 01 | Mahindra Supro LX (Purchase of Ambulance to transport) sick and injured animals | 583000.00 | |

नियम व शर्ते निम्नवत् है :-

1. सम्बंधित आपूर्तिकर्ता को ही सभी प्रकार के वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा, करों आदि का भुगतान स्वयं करना होगा।
2. सामग्री की गुणवत्ता उत्तम क्वालिटी होनी चाहिए।
3. सम्बंधित आपूर्तिकर्ता को भुगतान ऑनलाइन PFMS के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जायेगा।
4. निविदादाता को उपरोक्त नियमों एवं शर्तो के अधीन अपनी न्यूनतम दरें निविदा में देनी होगी।
5. जिस निविदादाता की दरें न्यूनतम होंगी उसकी ही निविदा स्वीकृत किया जायेगा।
6. किसी भी प्रकार का विवाद हेतु न्याय बरेली होगा।

खण्ड विकास अधिकारी क्यारा, बरेली


# बदायूं की अजीम हस्ती हजरत गूंगे शाह

बदायूं जिले में तमाम मशहूर और मारुफ हस्तियां, सूफी, संत, संगीतज्ञ, कवि, लेखक, शायर, औलिया गुजरे हैं उन्हीं में से एक अज़ीम हस्ती हजरत गूंगे शाह भी रहे हैं । बदायूं से 15 किलोमीटर दूर ग्राम रमजानपुर में ऊंचे टीले पर हजरत गूंगे शाह का मजार है। हजरत गूंगे शाह का असली नाम कल्लन था और इनकी पैदाइश सहारनपुर जिले के रामपुर मनिहारान कस्बे में हुई। आपने इल्म ज़ाहिरी और बातिनी मौलवी मोहम्मद हसन अंसारी चिश्ती साबरी से हासिल किया और उस्ताद के यहां बदायूं आकर रहने लगे थे इन्हें इब्तवा मामला, मुकाशफा, वास्ता रजादारी में उबूर हासिल हो गया था जिसको देखते उसी वक्त उसकी मौत जिंदगी के राज बता दिया करते थे।

यह बात मशहूर हो गई कि हजरत कल्लन कोई बात पोशीदा नहीं रखते हैं शहर में कई वाक्ये हो चुके थे तभी इनके पीर व उस्ताद ने आपको बुलाया और संदूक का ताला खोलकर आपके मुंह पर सामने रखकर कुंजी लगाकर कुछ पढ़ा और मुंह बंद कर फरमाया कि आज से आप गूंगे रहो बोलना नहीं और हिदायत दी कि बदायूं शहर छोड़कर किसी गांव में चले जाओ। आप पीर व उस्ताद के हुक्म पर बदायूं छोड़कर रमजानपुर गांव की आबादी के बाहर टीले पर बस गए जो जरूरतमंद आपके पास जाता तो हां न का जवाब आप सिर हिला के देते बोलते नहीं थे इस वजह से रमजानपुर और आसपास जिलों के लोग गूंगे शाह कहा करते थे। इनके करामात की खबरें दूर दूर तक फैल चुकी थीं। 03 मोहर्रम 1298 हिजरी यानी 05 दिसंबर 1880 अर्थात माघ के प्रथम रविवार को हजरत गूंगे शाह दुनिया से पर्दा कर गए। हजरत गूंगेशाह को खिरखा खिलाफत भी मौलवी मो. हसन अंसारी चिश्ती साबरी से अता हुआ था।

उनकी विसाल के वाद उनकी गद्दी पर दीना शाह फिर मंसूर शाह, राजू शाह और अब छोटे मियां सज्जादानशीन हैं। सर्दी के मौसम में माघ माह के प्रथम रविवार को हजरत गूंगेशाह की दरगाह से उर्स व मेले में शान ओ शौकत के साथ ठिलिया (गागर) उठने का रिवाज है जिसमें सैकड़ों लोग बेहद अकीदत और श्रद्धा के साथ शिरकत करते हैं। वर्ष 1942 में यू पी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के गठन के बाद औकाफ की संपत्ति की देखरेख सीधे बोर्ड के नियंत्रण में आ गई।

रमजानपुर के जमीदारान दरोगा अखलाक अहमद, जज तुफैल अहमद, जिलेदार कदीरउद्दीन, दरोगा मुश्ताक अहमद ने मिलकर 104 बीघा जमीन वक्फ की जो कि सरकारी तौर पर वक्फ बोर्ड में हजरत गूंगेशाह दरगाह के नाम वक्फ अलल खैर नम्बर 286 से दर्ज है। दरगाह के सामने टीले पर ही दरोगा हबीब अहमद प्रधान ने मस्जिद की तामीर कराई। बदायूं जिले के रमजानपुर का प्राचीन, ऐतिहासिक मेला व नुमाइश और उर्स इसी स्थल पर लगभग 45 दिन तक लगता है इसमें दूरदराज से कालीन व दरियों, ट्रंक, लकड़ी और बांस के सामान के व्यापारी खरीद ओ फरोख्त करने आते हैं। पूर्व वर्षो में पशुओं का नखासा भी लगता रहा है। महिलाओं हेतु भव्य मीना बाजार लगता है। मशहूर कव्वालों की खुद ही आमद होती है जो ठिलिया (गागर) के साथ भी चलते हैं । रमजानपुर का प्राचीन ऐतिहासिक मेला व उर्स धार्मिक और कौमी एकता का प्रतीक है जो 140 वर्षो से अधिक अवधि से लगता आ रहा है। मेले में बदायूं के आस पड़ोस के जनपदों के लोग, जायरीन काफी तादाद में शिरकत करते हैं।



बदायूं में हजरत गूंगे शाह की दरगाह।



सलमान जमीर
सेवानिवृत्त अधिकारी, बरेली


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 447/न.पा.परि.बी./2023-24 — दिनांक : 01.01.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा पालिका निधि के अन्तर्गत वरमदेव थान कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 10 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+ 18प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्ड नंबर 06 में वरम देव स्थान पर (गंगवार टैंट वाली गली) इंटरलॉकिंग टाइल का कार्य। | 486000.00 | 48600.00 | 600.00 | 2 माह |

1. बेबसाइट में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 25.01.2024 को प्रात: 11:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 07.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी करें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC - ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. 10 प्रतिशत धरोहर राशि उपरोक्त पालिका के खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा निम्नानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर अपलोड किया जाना है जिसकी रसीद/स्कैन कापी निविदा में अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर पालिका कार्यालय में मूल प्रति हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर — अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बीसलपुर



### कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 732/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न.नि.-शाह/2023-24 दिनांक : 27.01.24

**ई-निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति कार्यवृत्त सं.-481 दिनांक 27.12.2023 के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहांपुर के जलकल विभाग में जलापूर्ति सम्बन्धित कार्यो हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक 19.02.2024 अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्यो की निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं. 50200017927485, IFSC कोड-HDFC0000869 HDFC SPN तथा कार्य की जमानत धनराशि नगर निगम के खाता सं. 50265293184 IFSC कोड IDIB000632 इंडियन बैंक गोविन्दगंज, शाहाजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त

